Cambridge Assessment International Education

# Cambridge International A Level

**HINDI** **9687/04**

Paper 4 Texts **October/November 2021**

**2 hours 30 minutes**

*7285312962*

You must answer on the enclosed answer booklet.

You will need: Answer booklet (enclosed)

**INSTRUCTIONS**
- Answer **three** questions in total in **Hindi**, each on a different text:
  Answer **at least one question** from Section 1.
  Answer **at least one question** from Section 2.
  Answer **one other question** from **either** Section 1 **or** Section 2.
- Follow the instructions on the front cover of the answer booklet. If you need additional answer paper, ask the invigilator for a continuation booklet.
- Dictionaries are **not** allowed.
- You may **not** take set texts into the examination.

**INFORMATION**
- The total mark for this paper is 75.
- Each question is worth 25 marks.

**निर्देश**
- कुल **तीन** प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में दें, प्रत्येक भिन्न-भिन्न विषय पर:
  खंड 1 में से **कम से कम एक प्रश्न** का उत्तर दें।
  खंड 2 में से **कम से कम एक प्रश्न** का उत्तर दें।
  खंड 1 **या** 2 में से **एक और प्रश्न** का उत्तर दें।
- उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों का अनुसरण करें। यदि आपको अतिरिक्त उत्तर-पुस्तिका चाहिए तो निरीक्षक से माँग लें।
- शब्दकोश के प्रयोग की अनुमति **नहीं** है।
- आप परीक्षा में निर्धारित पाठ्य-पुस्तक **नहीं** ले जा सकते हैं।

**सूचना**
- इस परीक्षा के कुल अंक 75 हैं।
- प्रत्येक प्रश्न के 25 अंक हैं।

This document has **8** pages. Any blank pages are indicated.


© UCLES 2021


https://xtremepape.rs/

**उत्तर-पुस्तिका के लिए निर्देश**

काली या गहरी नीली स्याही वाली कलम का प्रयोग करें।

आप किसी भी आरेख या ग्राफ के लिए एचबी पेंसिल का उपयोग कर सकते हैं।

उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों का अनुसरण करें। निर्देश नीचे **हिन्दी** में भी दिए गए हैं।


यदि आपको अतिरिक्त उत्तर-पुस्तिका चाहिए तो निरीक्षक से माँग लें।

मिटने वाले पेन या करेक्शन्-फ़्लूइड का प्रयोग **न** करें।

किसी भी बारकोड पर **न** लिखें।

अपने उत्तर इस पुस्तिका में लिखें। पृष्ठ के दोनों भागों का प्रयोग करें। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के बीच में दो रेखाएं रिक्त छोड़ दें।

जिस प्रश्न का आप उत्तर दे रहे हैं उसकी संख्या पहले हाशिये में लिखें।




आप जिन प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं उनमें यदि भाग शामिल हैं, उदाहरण के लिए 1(ए), तो दूसरे हाशिये में प्रश्न का भाग लिखें।

इस उत्तर पुस्तिका में अपना सभी कच्चा काम पेन से करें। अपठनीय किए बिना ऐसा कुछ भी काट दें जिसे आप **नहीं** चाहते हैं कि परीक्षक चिन्हित करे।

इस पुस्तिका के किसी भी भाग को **न** फाड़ें।

आप अपने सारे पेपर जमा कर दें। यदि आपने किसी अतिरिक्त पुस्तिका का उपयोग किया है, तो उसे इस पुस्तिका के अंदर डालें।



https://xtremepape.rs/

BLANK PAGE



https://xtremepape.rs/

किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए, प्रत्येक प्रश्न भिन्न-भिन्न पाठ्य-पुस्तक से चुना जाना चाहिए। **भाग 1** से **एक** प्रश्न, **भाग 2** से **एक** प्रश्न करना अनिवार्य है और **तीसरा** प्रश्न किसी भी भाग से चुना जा सकता है। अपने उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका पर **हिन्दी** में लिखें।

# भाग 1

## 1 सूरसागर सार - सूरदास और श्रीरामचरित मानस - तुलसीदास

प्रश्न (a) और (b) में से **केवल एक प्रश्न** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** राम भक्तवत्सल निज बानौं।
जाति, गोत, कुल नाम, गनत नहिँ, रंक होइ कै रानौं।
सिब-ब्रह्मादिक कौन जाति प्रभु, हौं अजान नहिँ जानौं।
हमता जहाँ तहाँ प्रचु नाहीं, सो हमता क्यौं मानौं?
प्रगट खंभ तैं दए दिखाई, जद्यपि कुल कौ दानौ।
रघुकुल राघव कृष्न सदा ही, गोकुल कीन्हौं थानौ।
बरनि न जाइ भक्त की महिमा, बारंबार बखानौं।
ध्रुव रजपूत, बिदुर दासी-सुत कौन कौन अरगानौ।
जुग जुग बिरद यहै चलि आयौ, भक्तनि हाथ बिकानौ।
राजसूय मैं चरन पखारे स्याम लिए कर पानौ।
रसना एक, अनेक स्याम-गुन कहँ लगि करौं बखानौ।
सूरदास-प्रभु की महिमा अति, साखी बेद पुरानौ।।5।।

विनय तथा भक्ति ।।5।।

उपर्युक्त पद की सप्रसंग व्याख्या करते हुए सूरदास की भक्ति-भावना पर टिप्पणी कीजिए। [25]

**या**

**(b)** उत्तरकाण्ड में तुलसीदास ने अपने आराध्य श्रीराम के किस रूप का वर्णन किया है? पाठ्यक्रम के निर्धारित अंशों से उदाहरण सहित लिखिए। [25]

© UCLES 2021

https://xtremepape.rs/

## 2 प्रसाद, निराला, महादेवी, पंत की श्रेष्ठ रचनाएँ

प्रश्न (a) और (b) में से **<u>केवल एक प्रश्न</u>** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)**

आह! वेदना मिली विदाई!
मैंने भ्रम-वश जीवन-संचित,
मधुकरियों की भीख लुटाई।

छलछल थे संध्या के श्रमकण,
आँसू-से गिरते थे प्रतिक्षण।
मेरी यात्रा पर लेती थी-
नीरवता अनंत अँगड़ाई।

श्रमित स्वप्न की मधुमाया में,
गहन-विपिन की तरु छाया में।
पथिक! उनींदी श्रुति में किसने-
यह बिहाग की तान उठाई?

लगी सतृष्ण दीठ थी सबकी,
रही बचाये फिरती कबकी।
मेरी आशा आह! बावली,
तूने खो दी सकल कमाई।

चढ़कर मेरे जीवन रथ पर,
प्रलय चल रहा अपने पथ पर।
मैंने निज दुर्बल पद-बल पर,
उससे हारी होड़ लगाई।

लौटा लो यह अपनी थाती,
मेरी करुणा हा-हा खाती!
विश्व न सँभलेगी यह मुझसे,
इससे मन की लाज गँवाई।

आह! वेदना मिली विदाई!

उपर्युक्त कविता की सप्रसंग व्याख्या करते हुए इसमें प्रस्तुत छायावाद की विशेषताओं की विवेचना कीजिए। [25]

**या**

**(b)** 'ताज' और 'भारतमाता' कविताएँ सुमित्रानंदन पंत की मानवतावादी विचारधारा को छायावादी भाषा-शैली में व्यक्त करने में कहाँ तक सक्षम हैं? दोनों कविताओं के उदाहरण सहित लिखिए। [25]



https://xtremepape.rs/

## 3 साकेत - मैथिलीशरण गुप्त

प्रश्न (a) और (b) में से **<u>केवल एक प्रश्न</u>** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** दीपक-संग शलभ भी जला न सखि, जीत सत्व से तम को
क्या देखना-दिखाना क्या करना है प्रकाश का हमको
दोनों ओर प्रेम पलता है।
सखि, पतंग भी जलता है हा! दीपक भी जलता है!

सीस हिलाकर दीपक कहता -
'बन्धु!' वृथा ही तू क्यों दहता?
पर पतंग पड़कर ही रहता!
कितनी विह्वलता है।
दोनों ओर प्रेम पलता है।

बचकर हाय! पतंग मरे क्या?
प्रणय छोड़कर प्राण धरे क्या?
जले नहीं तो मरा करे क्या?
क्या यह असफलता है?
दोनों ओर प्रेम पलता है

कहता है पतंग मन मारे -
'तुम महान, मैं लघु पर प्यारे,
क्या न मरण भी हाथ हमारे?
शरण किसे छलता है?'
दोनों ओर प्रेम पलता है।

दीपक के जलने में आली,
फिर भी है जीवन की लाली।
किंतु पतंग-भाग्य-लिपि काली,
किसका वश चलता है?
दोनों ओर प्रेम पलता है।

नवम सर्ग

उपर्युक्त काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या करते हुए उर्मिला के कथन के आशय को विस्तार दीजिए। [25]

**या**

**(b)** "उर्मिला का विरह 'साकेत' की सबसे महत्वपूर्ण घटना है", उदाहरण सहित अपने विचार लिखिए। [25]

© UCLES 2021


https://xtremepape.rs/

# <u>भाग 2</u>

## 4 आधे-अधूरे - मोहन राकेश

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से <u>**केवल एक प्रश्न**</u> का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** "'आधे-अधूरे' समकालीन ज़िंदगी का पहला सार्थक नाटक है।" नाटक की समस्याओं की विवेचना करते हुए उसकी सार्थकता पर प्रकाश डालिए। [25]

**या**

**(b)** 'आधे-अधूरे' नाटक में सावित्री आधुनिक नारी के किस रूप को चित्रित करती है? [25]

## 5 आधुनिक कहानी संग्रह - संपादक सरोजिनी शर्मा

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से <u>**केवल एक प्रश्न**</u> का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** जयशंकर प्रसाद की 'पुरस्कार' कहानी में मधूलिका के चरित्र का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण कीजिए। [25]

**या**

**(b)** राजेन्द्र यादव की 'कलाकार' कहानी जीवन की जटिलता को लोककथा और अतियथार्थ के माध्यम से किस प्रकार चित्रित करती है? [25]

## 6 मॉरिशसीय हिंदी कहानियाँ - सम्पादक: अभिमन्यु अनत

प्रश्न **(a)** और **(b)** में से <u>**केवल एक प्रश्न**</u> का उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर **500** से **600** शब्दों के बीच होना चाहिए।

**(a)** 'विष-मंथन' कहानी के कथानक के आधार पर उसके शीर्षक की सार्थकता की विवेचना कीजिए। [25]

**या**

**(b)** 'चाहे अनचाहे' में जय जीऊत ने किस सामाजिक समस्या का चित्रण किया है? [25]

© UCLES 2021

https://xtremepape.rs/

BLANK PAGE

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

To avoid the issue of disclosure of answer-related information to candidates, all copyright acknowledgements are reproduced online in the Cambridge Assessment International Education Copyright Acknowledgements Booklet. This is produced for each series of examinations and is freely available to download at www.cambridgeinternational.org after the live examination series.

Cambridge Assessment International Education is part of the Cambridge Assessment Group. Cambridge Assessment is the brand name of the University of Cambridge Local Examinations Syndicate (UCLES), which itself is a department of the University of Cambridge.

© UCLES 2021 

https://xtremepape.rs/